हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


10 अधिकारी समय रहते करें सभी तैयारियां पूरी : डीसी





10 आयो-आयो माखन चोर गीत पर झूमे श्रद्धालु




## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 15 को इंडस में

**जींद।** जिला तलवारबाजी संघ के प्रधान सुभाश श्योराण व जिला सचिव दिनेश सैनी ने बताया कि वर्ष 2025-26 की जिलास्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 अगस्त तक इंडस पब्लिक स्कूल में करवाया जाएगा। आयु वर्ग अंडर 14 सब जूनियर, अंडर 17 कैडेट, अंडर 20 सीनियर व जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं।

### सड़क हादसे में एक युवक की जान गई

**कैथल।** गांव धनोरी के निकट हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। हरिपुरा के अमन ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 को वह गांव के दोस्त अमन कुमार के साथ बाइक पर सिणद से धनौरी रोड पर जा रहे थे अज्ञात चालक ने गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते उन्हें टक्कर मार दी।

### जमीन के नाम पर पंद्रह लाख की धोखाधड़ी, केस

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने खटकड़ गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ जमीन के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उचाना थाना के जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि गांव बोहर निवासी कृष्ण बड़ौदा में गौशाला में सर्विस करता था।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र अंतर्गत एक युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में की जांच महिला थाना कैथल एसएचओ एसआई वीना की टीम द्वारा करते आरोपी राजौंद निवासी मोहन उर्फ मोनु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद निवासी की शिकायत अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी।

### मकान से 50 हजार की नकदी-कीमती सामान चोरी

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ में चोरों ने एक मकान में घुसकर 50 हजार रुपये की नगदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किलाजफरगढ़ निवासी महेंद्र ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान में घुस कर घर से 50 हजार रुपये नगदी, एक फोन और दो तोले सोने की चेन चुरा ली।

### बिजली शिकायत निवारण फोरम की बैठक बीस को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 20 अगस्त को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला के अध्यक्ष करेंगे।

### पति व पत्नी के विवाद में मां ने मारी बेटे को चोटें

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने गांव कुचराना कलां में एक महिला के खिलाफ अपने 15 वर्षीय बेटे के साथ मारपीट कर उसे चोटें मारने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कुचराना कलां में कृष्ण कुमार का अपनी पत्नी के साथ पिछले कई सालों से विवाद चल रहा है।

### गांव रोहेडा में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव रोहेडा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव रोहेड़ा के आशीष ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 अगस्त को दोपहर के समय गांव के ही दीपक, गोलू और सतवीर शर्मा ने उसे पर तेजधार हथियारों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

# गांव अनूपगढ़ से अपहृत युवक का शव तीन दिन बाद हिसार गंदे नाले से बरामद

## दो महीने पहले हुई थी शादी, मां की शिकायत पर गोबिंदपुरा के कुछ लोगों पर हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अनूपगढ़ से रक्षाबंधन के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में अपहृत हुए युवक का शव तीन दिन बाद मंगलवार को हिसार आजाद नगर गंदे नाले से बरामद हुआ है। मृतक की अभी दो माह पहले ही शादी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर गांव गोबिंदपुरा के कुछ लोगों पर पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अनूपगढ़ निवासी परमिंदर (24)



नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर जाते परिजन। *मृतक का फाइल फोटो।*



गत नौ अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। परमिंद्र की मां अनीता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने दस अगस्त को गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। तीन दिन बाद

**मामले की जांच जारी**

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक की मां अनीता देवी की शिकायत पर गांव गोबिंदपुरा के कुछ परिवार के लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। परिजनों ने गोबिंदपुरा के लोगों पर अपहरण कर हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंगलवार को पुलिस तथा परिजनों को सूचना मिली कि हिसार के आजाद नगर गंदे नाले में एक युवक शव पड़ा हुआ है। शव बुरी तरह गल चुका है। शव की सूचना मिलते ही पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। अनूपगढ़ निवासी नरसिंह ने बताया कि परिवार के लोगों ने पहले परमिंदर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बाद में परिजनों ने अपने स्तर पर जांच की तो इस मामले में एक सीसी टीवी फुटेज सामने आया। जिसमें कुछ युवक परमिंदर का अपहरण करते हुए नजर आ रहे हैं। जब परमिंदर को देख कर उसका अपहरण करने का प्रयास किया गया तो उसने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन अपहरणकर्ताओं की संख्या ज्यादा होने के चलते वह बच नहीं पाया। मंगलवार को सूचना मिली कि परमेंद्र का शव हिसार में गंदे नाले से बरामद हुआ है। परमिंद्र के पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी और उसकी दो बहनें हैं।

## आगामी रूपरेखा तैयार करने के लिए कमेटी गठित की जाएगी

# आईएमटी के विरोध में उतरे छह गांव सभी बोले-नहीं देंगे सरकार को भूमि

## आईएमटी के विरोध में गांव नगूरां में पंचायत का आयोजन किया

**विधायक व सरकार रोजगार के नाम पर किसानों को बरगलाने का काम कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

आईएमटी के विरोध में नगूरां गांव में एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता प्रताप अलेवा ने की तथा मुख्य रूप से जनता सरकार मोर्चा के संस्थापक सदस्य सुशील नरवाल ने भाग लिया। नगूरां, अलेवा, हसनपुर, मांडी, खांडा, दिल्लूवाला आदि छह गांव के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने एक सुर में सरकार को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया और नगूरां गांव ने एक कमेटी बनाने की बात कही, जो आगामी रूप रेखा तैयार करेगी।

पंचायत को संबोधित करते जनता सरकार मोर्चा के संस्थापक सदस्य सुशील नरवाल ने कहा कि सरकार औने-पौने दामों पर किसानों की जमीन लेकर बड़े घरानों को देना चाहती है। सरकार ने अभी तक ना तो रोजगार का स्वरूप क्या होगा, किसान की जमीन जाएगी और घर में से नौकरी देने का क्या प्रावधान होगा। ना ऐसा अभी तक विस में प्रस्ताव पारित किया कि जिस किसान की भूमि आईएमटी में जाएगी उसका रोजगार सुनिश्चित हो। सुशील ने कहा कि आजतक हरियाणा में जितने भी आईएमटी हैं। उनमें किसी भी जिस किसान की जमीन गई है, नौकरी का प्रावधान व कोटा तय नहीं किया गया। कहा कि विधायक व सरकार रोजगार के नाम पर किसानों को बरगलाने का काम कर रही है। स्वामीनाथन रिर्पोट में यह स्पष्ट है कि उपजाऊ भूमि पर कहीं भी आद्योग या फिर आइएमटी जैसे संस्थान नहीं खोले जा सकते हैं। कृषि सेक्टर भारत की कुल जीडीपी में 20 प्रतिशत योगदान देता है और 46 प्रतिशत लोगों को रोजगार दे रहा है। जोकि किसी भी अन्य सेक्टर में सभंव नहीं है।



**अलेवा।** नगूरां गांव में आयोजित पंचायत में भाग लेते छह गांव के लोग।



**जींद।** सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिलने आए भाकियू पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

वर्तमान में एचएसआइआइडीसी के हर शहर में कर्मीशियल प्लाट खाली पड़े हैं। जिनको सरकार पिछले 30 वर्षो में भी विकसित नहीं कर पाई। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार का उद्येश्य कार्पोरेट से मिलकर किसानों को भूमि हीन करना है। प्रधान धर्मपाल, राहुल अलेवा, काला हसनपुर, संदीप हसनपुर, गजे सिंह नगूरां, कुलदीप मांडी, भूप सिंह दलाल आदि उपस्थित थे।

**बराड़ खेड़ा माइनर से पानी सप्लाई की मांग**

**जींद।** बराड़ खेड़ा माइनर से पानी की सप्लाई नहीं होने के चलते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी सिंचाई विभाग कार्यालय पहुंचे। जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार ईंटल कलां, नफेसिंह ईगराह, नौगामा खाप के प्रधान सुरेश बहबलपुर, चंद्र नंबरदार, राजेंद्र पहलवान, महावीर जामनी, राममेहर, राजपुरा भैण, उमेद जागलान और वीर सिंह ने कहा कि माइनर से पिछले 20 दिन से पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इस कारण बराड़ खेड़ा, किनाना, बहबलपुर, बीबीपुर, बुआना, ईगराह, जामनी, खांडा खेड़ी, धर्मखेड़ी गांव के किसानों की फसल पानी की कमी के कारण सूख रही हैं। इस कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर 15 अगस्त तक माइनर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।





**जींद।** कार्य का बहिष्कार कर रोष जताते एनएचएम कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

# चार महीने से एनएचएम कर्मचारियों को वेतन नहीं

■ एनएचएम कर्मचारियों ने करीब दो घंटे तक किया कार्य का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की जिला ईकाई जींद आठ अगस्त को मुख्यमंत्री के नाम सिविल सर्जन के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। जिसमें एनएचएम कर्मचारियों के चार माह से बकाया वेतन का भुगतान नही किए जाने पर चरणबद्ध आंदोलन करने बारे चेतावनी दी गई थी। जिसकी निरंतरता में वेतन नही मिलने के कारण मंगलवार को कर्मचारियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर अपने कार्य स्थल के कैंपस मे विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश संगठन मंत्री स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा जितेंदर वत्स ने बताया कि जिले के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा कार्य का बहिष्कार किया गया है। आपातकालीन सेवाओं को छोड़ कर बाकि सभी कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थल पर धरना देकर बकाया वेतन को जारी करने की मांग उठाई गई है। विभाग के इस गैर जिम्मेदाराना हरकत के कारण मरीजों को दो घंटे इन्तजार करना पड़ा। सरकार कर्मचारियों के इस सांकेतिक आंदोलन को हलके में ना ले तथा जल्द से जल्द एनएचएम कर्मचारियों के वेतन को जारी करवाए। प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी पहले भी अनुशासीत तरीके से लंबे-लंबे आंदोलन कर चुके हैं तथा अडिय़ल अधिकारियों एवं सरकार को झुका चुके हैं। उन्होने कहा कि एनएचएम कर्मचारी उनके साथ हो रहे आर्थिक एवं मानसिक शोषण के खिलाफ चुप नही बैठेंगें। चरणबद्ध आंदोलन की कड़ी में 14 अगस्त तक पूरे प्रदेश में दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। यदि सरकार द्वारा वेतन जारी नही किया जाता है तो जल्दी ही संघ की प्रदेश समिति की बैठक बुला कर आगमी आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल की बैठक में भाग लेते अधिकारी।

### सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाई जाए

**कैथल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल एम. रवि किरण द्वारा मंगलवार को अपराध, कानून एवं व्यवस्था तथा अन्य प्रशासनिक मामलों को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में एसपी कैथल आस्था मोदी, एसपी करनाल गंगा राम पूनिया, एसपी पानीपत भूपेन्द्र सिंह, हर्षित गोयल सहायक पुलिस अधीक्षक, पानीपत तथा कांची सिंगल सहायक पुलिस अधीक्षक, करनाल ने भाग लिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, करनाल मंडल द्वारा संगठित अपराध,वायलेंट क्राइम, संम्पति विरूद्ध अपराध, वाहन दुर्घटना, साइबर क्राईम, इमीग्रेशन तथा नशा मुक्त अभियान आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपराधियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। गांव तथा वार्डो को अधिक से अधिक संख्या में नशा मुक्त बनाया जाए। सड़क दुर्घटना के मामलों में ब्लैकस्पॉट चिंहित करके सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाई जाए।

### यौन उत्पीड़न के दोषी को पांच साल कैद की सजा


**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी को पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई है। सजा के अलावा दोषी को 20500 रुपये जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सात जुलाई 2024 को शहर थाना जींद में सोनीपत जिला के गांव बनवासा निवासी शमशेर एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले गया था। आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद शहर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को बरामद कर लिया था। नाबालिग लड़की ने आरोपित पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को एडीजे डा. चंद्रहास फास्ट ट्रैक विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई करते शमशेर को दोषी करार देते पांच साल की कैद और 20500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# पनप रही तीन अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

■ पट्टी कायस्थ सेठ-पट्टी गादड़ में पनप रही थी अवैध कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व संपदा पट्टी कायस्थ सेठ व पट्टी गादड़ में पनप रही तीन अवैध कालोनियों में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनियों में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के



संज्ञान में राजस्व संपदा पट्टी गादड़ तथा पट्टा कायस्थ सेठ में अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला संज्ञान में आया था। पट्टी गादड़ में करीब 11.5 एकड़ में दो अवैध कॉलोनियां विकसित करने का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनी को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल सबसे पहले पट्टी गादड़ में पहुंचा और कालोनी में बनी सीवरेज, कच्ची सड़कें, परिकास्ट बाउंडरी वॉल, तथा पट्टी कायस्थ सेठ में लगभग दो एकड़ पनप रही अवैध कालोनी में डीपीसी, निर्माणाधीन स्ट्रख्र, कंक्रीट टाइल आदि को तोड़ा गया। इसके साथ ही पुलिस को संबंधित भू-मालिकों एवं डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दी गई है।

**प्लाट लेने से पहले वैधता जरूर जांच लें**

जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों से अपील की है कि वे किसी कालोनी में प्लाट लेने से पहले उसकी वैधता जरूर चैक कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सुंदरपुरा व फुलिया खुर्द को चार करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं: बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि गांव व शहरों के सामूहिक कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पुरा किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति बेहिचक अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकता है। अब किसान गांव मजदूर और गरीब की सरकार है। बिना खर्ची,बिना पर्चीए 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने व माईनर की आखिरी टेल तक पहुंचाने की सरकार है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के फुलियां खुर्द और सुंदरपुरा गांवों में धन्यवादी दौरे के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव के विकास के लिए ग्राम पंचायत द्वारा रखी सभी मांगों को कैबिनेट मंत्री ने मंजूर किया और दोनों गांवों की 4 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव वासियों ने जो विश्वास उन पर जताया है वे उसे ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभाने की पूरी कोशिश करेंगे। क्षेत्र के कल्याण एवं उत्थान की दिशा में क्रियान्वित होने वाली परियोजनाओं के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने गांव फुलिया खुर्द में ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने आश्वासन दिया और गांव की करीब 2 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य शामिल है। मंत्री ने कहा कि सुंदरपुरा और बडनपुर को तहसील उचाना से हटाकर नरवाना तहसील में जोड़ा गया व ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।



**नरवाना।** मंच पर मौजूद मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच फुलियां खुर्द सुमित्रा देवी, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश बांगड़, शमशेर सिंह, सरपंच सुदरपुरा आरती देवी, कुरूक्षेत्र जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद, रंगी राम धमतान, जिला जींद उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, कृष्ण नैन, रिछपाल शर्मा, हंसराज समैण, बलदेव वाल्मीकि, सुशील शास्त्री, ओम प्रकाश थुआ, मंडी एसो के प्रधान ईश्वर गोयल, प्रदीप नैन, विरेंद्र नैन, एडवोकेट राजेश शर्मा, चंद्र प्रकाश बोस्ती, सुरेश पांचाल, प्रमोद शर्मा, ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि बिट्टू नैन, मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, जसबीर नैन एवं मीडिया प्रभारी संजय आदि मौजूद रहे।

# कनाडा भेजने के नाम पर आठ लाख ठगी का आरोपित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम दौरान कनाडा भेजने के नाम पर 8 लाख रुपए ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सुहाना जिला अंबाला निवासी परविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुराना रोड कैथल निवासी अनिरुद्ध की शिकायत अनुसार वह विदेश जाना चाहता था। अंबाला निवासी उसके मामा ने जनवरी 2023 में उसे बताया था कि परविंद्र युवाओं को विदेश भेजने का कार्य करता है। उससे आठ लाख रुपये में बात तय हो गई। 4 जनवरी 2024 को आरोपित के कहने पर फाइल खर्च के नाम पर 20 हजार रुपये भेज दिए। उसे डेढ़ महीने में ही कनाडा भेजने का आश्वासन दिया। बताया कि टूरिस्ट वीजा होटल बुकिंग के नाम पर ही लगेगा। फर्जी दस्तावेज दिखाकर कहा कि कनाडा में कमरा उसके नाम से बुक कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव 16 अगस्त को

**उचाना।** आगामी 16 अगस्त को शहर की प्राचीन लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला 72वां वार्षिक श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव मनाया जा रहा है। सज्जन चौधरी एवं संदीप चौधरी ने बताया कि लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। शाम सात बजकर 30 मिनट पर कार्यक्रम शुरू होगा। मंच संचालन पं. सत्यनारायण पुजारी द्वारा किया जा रहा है।

### विशेष नशा मुक्त भारत अभियान 31 तक चलेगा

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के अधिकारी, स्कूल, कॉलेजों के प्राचार्य और प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के लिए 15 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति बनाई गई है।

### विशेष विधिक सहायता क्लीनिक आयोजित

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. चंद्रहास के निर्देशानुसार जिला सैनिक बोर्ड जींद में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए विशेष विधिक सहायता क्लीनिक का आयोजन किया गया। सीजेएम मोनिका द्वारा विधिक सहायता क्लीनिक का निरीक्षण किया।

### सिटी सब डिवीजन जींद से सुरेंदर प्रधान मनोनित

**जींद।** एचएसईबी वर्कर यूनियन केंद्रीय परिषद के आह्वान पर त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2028 के लिए चुनाव हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी के तौर पर जींद यूनिट प्रधान हरी ओम व जींद यूनिट सचिव धर्मवीर सिंह बैरागी व आमंत्रित राजेश शर्मा, राज्य उप प्रधान राजा शामदो, राज्य उप प्रधान वीरेंदर गोयत व सर्कल सचिव राजेश आसन मौजूद रहे। जिसमें सिटी सब डिवीजन जींद से प्रधान सुरेंदर जागलन, उप प्रधान अनिल पोडिया, सचिव महेश सैनी, सह सचिव सुशील नियुक्त किया।

### इंडक्शन प्रोग्राम से किया नए सत्र का आगाज

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के गणित विभाग में रविवार को इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष डा. अनुपम भाटिया ने शिरकत की और विश्वविद्यालय के एमएससी प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया।

### नरेश को मिलेगा हरित क्रांति रत्न सम्मान

**जींद।** श्मशानों को हरियाली के मंदिरों में बदलने की अनूठी पहल कर पर्यावरण संरक्षण में नई मिसाल कायम करने वाले समाजसेवी नरेश सेलपाड़ को अत्री चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से हरित क्रांति रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 17 अगस्त को जींद में आयोजित किया जाएगा। दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नही : रुद्राक्ष मिड्ढा

**जींद।** युवा विकास समिति जींद द्वारा स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष व जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढ़ू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।

### चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने की बैठक

**जींद।** जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के विरोध में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन को तेज करते हुए 28 को सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख 24 घंटे की भुख हडताल करेंगे। आंदोलन को गति देने के लिए स्वास्थ्य सुपरवाइ्रजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं तालमेल कमेटी के सदस्य राममेहर वर्मा की अध्यक्षता में तालमेल कमेटी की बैठक हुई।

---

*स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा*

# अधिकारी समय रहते करें सभी तैयारियां पूरी : डीसी

## समारोह के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास आज नौ बजे पुलिस लाइन मैदान में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम व गरिमा पूर्ण रूप से मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। समारोह के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को प्रातः नौ बजे पुलिस लाइन मैदान में होगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय रहते पूरी करें। यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी के अनुरूप हमें इसे मनाना है। समारोह में पुलिस विभाग के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति व विभिन्न लोक संस्कृतियों को परिभाषित करती हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी होगी। इस मौके पर पुलिस की टुकड़ी तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों की प्लाटूनों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा आदि मौजूद रहे। जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भव्य और मनमोहक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालयों में अनेक देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी कला, प्रतिभा और देशप्रेम का प्रदर्शन किया। तिरंगा यात्रा रचनात्मक प्रतियोगिताएं और पेंटिंग प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने तिरंगे, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की झलक को अपने रंगों से जीवंत कर दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों ने जोशपूर्ण देशभक्ति के नारे लगा कर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और एकता का संदेश फैलाया। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज का महत्व समझाया और बताया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि भारत की आत्मा, गौरव और अखंडता का प्रतीक है। बच्चों और शिक्षकों ने नागरिकों से अपील की कि वे हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ कर अपने घरों, गलियों और मोहल्लों में तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराएं। यह अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का प्रतीक है बल्कि देश की एकताए अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का दर्पण भी है। उपायुक्त ने जिला के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे देशभक्ति की इस भावना को जन-जन तक पहुंचाएं और एकजुट होकर राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें।



जींद। तैयारियों का जायजा लेते डीसी व एसपी। फोटो :हरिभूमि



जींद। मार्च पास्ट करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

# ज्ञानदीप समूह ने पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच त्रिदिवसीय हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना, व्याकरण ज्ञान का विस्तार करना और टीम भावना का विकास करना है। प्रतियोगिता का पहला दिन कक्षा छह के विद्यार्थियों को समर्पित रहा। जिसमें चार समूह आकर्षक अक्षर, ज्ञानदीप, ज्ञान योद्धा और विद्यावीर ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। कई रोचक और चुनौतीपूर्ण प्रश्नों के बीच मुकाबले में विद्यार्थियों ने तेजी और सटीकता से उत्तर देकर दर्शकों की सराहना बटोरी। कड़े और रोमांचक मुकाबले के बाद विद्यावीर समूह ने प्रथम स्थान का गौरव प्राप्त किया। जबकि ज्ञानदीप समूह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। अवसर पर इंडस कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डा. संजीव तायल ने भी विजेताओं को बधाई देते कहा कि भाषा और ज्ञान का मेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाता है।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते जतिन कथूरिया। फोटो :हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**जींद।** यदुवंशी शिक्षण निकेतन बीबीपुर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का विशेष विषय युवा शक्ति, राष्ट्र की शक्ति रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य जतिन कथूरिया ने की और उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता और ईमानदारी से आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए। जिनमें युवाओं की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगितामेरे सपनों का भारत विषय पर रही। निबंध लेखन श्युवा और राष्ट्र निर्माण रहा। विद्यालय परिसर देशभक्ति और जोश से गूंज उठा। सभी विद्यार्थियों ने पूरे मन से भाग लेकर यह संदेश दिया कि युवा पीढ़ी ही भारत का उज्ज्वल भविष्य है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राव बहादुर सिंह ने कहा कि युवा देश के विकास की रीढ़ हैं और सही दिशा में उनकी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### प्रजापति समुदाय को आज मिलेंगे पात्रता प्रमाण पत्र

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने कुम्हार, प्रजापति समुदाय के परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्यभर में इन परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जींद जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 13 अगस्त को किया जा रहा है। यह समारोह जींद में स्थित लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वे पात्र लाभार्थियों को अपने हाथों से पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। इस आयोजन के लिए पंचायत विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। वहीं राज्य स्तर पर इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र में किया जाएगा।

### वेदा इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**नरवाना।** विद्यालय की प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया की विद्यालय के विद्यार्थियों तनिशए पार्थए आदित्य तथा परिधि ने कैरम प्रतियोगिता मे प्रथम स्थानए लक्ष्य व विहान ने चेस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थानए स्केटिंग मे आन्या सैनी ने प्रथम स्थान व दिवयांस गोयल ने तृतीय स्थानए पेंटिंग मे विहान ने प्रथम स्थान व तनिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि आगामी चरण मे उपरोक्त सभी तथा टेबल टैनिस तथा अन्य खेलों की टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेगी। प्रबंध समिति ने विद्यालय की प्राचार्याए डी पी प्रवीन कुमारए कला अध्यापक सिमरन मैडमए समस्त स्टाफ व बच्चों को बधाई दी तथा विद्यालय मे समारोह का आयोजन कर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### महिलाओं को दिया स्वच्छता का संदेश

**जींद।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के संग के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जींद व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिला के विभिन्न स्कूलों व आंगनवाडी में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जींद खंड में खंड समन्वयक दिनेश मलिक, उचाना खंड में खंड समन्वयक कुशल शर्मा, नरवाना में खंड समन्वयक सुरेन्द्र कुमार, अलेवा खंड में खंड समन्वयक ईश्वर सिह, जुलाना में सोमलता सैनी, पिललुखेडा में सुरेन्द्र दुग्गल, सफीदों में बलवान सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होनें बताया की आज गांव बराह खुर्द के राजकीय उच्च विद्यालय सहित अनेक स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बराह कलां के स्कूल मे विद्यार्थियों को संबोधित करते स्कूल प्रिंसिपल सुखवीर सिंह व खंड समन्वयक दिनेश ने कहा कि यह अभियान बच्चों में देशभक्ति की भावना भरने का कार्य करता है। इसके साथ ही स्वच्छता व जल संरक्षण के प्रति भी प्रेरित करता है।

### एसआर रंगनाथन की जयंती मनाई

**जींद।** जिला पुस्तकालय में फॉदर ऑफ लाइब्रेरी साइंस एसआर रंगनाथन की 133वीं जयंती मनाई गई। यह दिन इसलिए विशेष है क्योंकि 12 अगस्त 1892 को पुस्तकालय विज्ञान के जनक डा. एसआर रंगनाथन का जन्म हुआ था तथा उन्होंने पुस्तकों व ज्ञान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया था। इस उपलक्ष्य में सभी पुस्तकालय सदस्यों, पाठकों व वरिष्ठ सदस्यों तथा स्टाफ ने भाग लिया। यह कार्यक्रम हरीश चंद्र डीडीओ एवं वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष जिला पुस्तकालय जींद द्वारा संपन्न करवाया गया। इसमें अतिथिगण वीके शर्मा पूर्व पुस्तकाध्यक्ष, दयानंद रेढ़ू पूर्व पुस्तकाध्यक्ष, महिपाल खटकड़ पूर्व पुस्तकाध्यक्ष, नरेश जागलान मनोवैज्ञानिक, सुंदर सिंह कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त किए। नरेश जागलान ने बताया कि वे इस पुस्तकालय के नियमित पाठक हैं और पुस्तकों के प्रेम ने ही उन्हें इस पुस्तकालय से और इसके पाठको से अटूट बंधन में विगत 15 वर्ष से बांध कर रखा हुआ है। वहीं महिपाल ने कन्या शिक्षा, समाज और गुरुकुल शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि



उचाना। योग प्रतियोगिता में मेडल विजेता पिता, पुत्री। फोटो :हरिभूमि

### योग में पिता पुत्री ने जीते पदक

**उचाना।** हरियाणा योग आयोग द्वारा 10 से 11 अगस्त को डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सरस्वती पब्लिक स्कूल घोघडिया के पूर्व प्रधानाचार्य जगफूल ढिल्लो द्वारा 35 से 45 आयु वर्ग में भाग लिया गया और इन्होंने जिला स्तर पर प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ उनकी पुत्री अनिका ढिल्लो ने भी 10 से 14 वर्ष वर्ग में आर्टिस्टिक पेयर में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। जगफूल ढिल्लो आगे होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 से 30 अगस्त को डीएवी जींद में जींद की तरफ से भाग लेंगे।



जींद। युवा विंग की बैठक लेते राजकुमार गोयल। फोटो :हरिभूमि

## सम्मेलन की सफलता में युवाओं की भूमिका अहम

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने समाज की युवा विंग की टीम के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सात सितंबर को जींद में होने वाले विवाह योग्य अग्रवाल युवक, युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों और प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति बनाना था। इस अवसर पर पवन बंसल, सावर गर्ग, रामधन जैन, सोनू जैन, राजेश गोयल, जयभगवान सिंगला, लोकेश गर्ग इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन की सफलता में युवाओं की भूमिका अहम होगी। उन्होंने युवा विंग के सभी सदस्यों से अपील की कि वे घर-घर जाकर, सोशल मीडिया के माध्यम से और व्यक्तिगत संपर्कों के जरिये अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि समाज का हर परिवार इस आयोजन का हिस्सा बन सके। राजकुमार गोयल ने कहा कि यह समय एकजुट होकर समाज के हित में काम करने का है और इसके लिए हर सदस्य को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# खिलाड़ियों को जल्द मिलेगी डाइट राशि

- यूनिक आईडी के आधार पर खातों में डाइट राशि भेजी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की खेल नर्सरियों में तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को जल्द ही डाइट राशि मिलेगी। इसके लिए खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों की यूनिक आईडी की जानकारी ली जा रही है। यूनिक आईडी के आधार पर खिलाड़ियों के खातों में डाइट राशि भेजी जाएगी। यह डाइट राशि जुलाई 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक की है। पिछले साल जिले में कुल 110 खेल नर्सरियां थी जिसमें 82 निजी और 28 सरकारी खेल नर्सरियां अलॉट थीए जबकि इस सत्र में 60 ग्राम पंचायतों और सरकारी स्कूलों को खेल नर्सरियां अलॉट हो चुकी हैं। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। खेल विभाग की तरफ से आठ से 14 वर्ष के खिलाडिय़ों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाडिय़ों को दो हजार की राशि दी जाती है। पिछले दिनों खेल विभाग की ओर से कोच को बकाया मानदेय दिया जा चुका है और अब खिलाडिय़ों को बकाया डाइट राशि देने की तैयारी है।

### जल्द ही मिलेगी राशि : हुड्डा

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि जैसे ही सभी खिलाडिय़ो की यूनिक आईडी की जानकारी हासिल हो जाएगी, खिलाडिय़ों के खातों में राशि भेज दी जाएगी। यूनिक आईडी का काम तेजी से चल रहा है। खिलाडिय़ों को मिलने वाली डाइट राशि को लेकर यूनिक आईडी की जानकारी ली जा रही है।





जींद। पानी की टंकी में लार्वा जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## मच्छरजनित बीमारियों को लेकर किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ईंटल कलां गांव में एपपीएचडब्ल्यू पवन कुमार, रामदयाल, जयवीर सिंह, कविता, पवन की टीम द्वारा फीवर मास सर्वे किया गया। इस दौरान टंकी, कूलर, होदी, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे , गमलों, पक्षियों के पानी पिलाने के बर्तनों के पानी मे लार्वा चेक किया व ग्रामवासियों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीके बताए व जिनको बुखार पाया गया उनकी रक्त पट्टिका बना कर लैब में जांच हेतु भेजी गई। कविता ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों ने ने टीम बना कर गांव में दौरा किया और घर-घर जाकर ग्रामीण लोगों को डेंगू से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार संक्रमित एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। जिसमे अचानक तेज बुखार आता है। जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द होता है, सिर में दर्द होता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी युक्तियां अपना कर हम मलेरिया व डेंगू बुखार से बच सकते हैं। जैसे फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे को सप्ताह में एक बार जरुर खाली करें।

## भागवत कथा विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग दिखाती है: शास्त्री

# आयो-आयो माखन चोर गीत पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर के कन्या स्कूल के पास स्थित कान्हा सेवा सदन में श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक अरविंद शास्त्री द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी के प्रसंग कथा में वर्णन किया। कथावाचक शास्त्री ने कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही जीवन के कल्याण के लिए पर्याप्त है। भागवत कथा विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग दिखाती है। सतयुग, त्रेता और द्वापर की तुलना में कलयुग में कठिन तपस्या की आवश्यकता नहीं है। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं जन-जन के हृदय में भक्ति और प्रेम का संचार करती है। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन श्री चित्रकुट धाम भागवत सेवा समिति उचाना द्वारा करवाया जा रहा है। अरविंद ने श्री कृष्ण के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्री कृष्ण भगवान पहली बार से बाहर निकले तो मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते की किस गोपी के घर का माखन की चोरी करनी है। श्री कृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। ब्रज की गली गली में शोर आयो आयो माखन चोर भजन पर श्रद्धालु झूमने लगे। माखर चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रोशन लाल घोघडिय़ा, विनोद बंसल, सुनील बुडायन, सतीशो देवी, सोनिया बंसल, ऊमा गर्ग़, सोनिया गोयल, कविता ढूल, कविता वर्मा, रेखा श्योकंद सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



उचाना। भक्तिमय गीतों पर झूमते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



पुस्तकालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हरीश को सम्मानित करते हुए।

## राजकीय कालेज में पुस्तकालय दिवस मनाया

**जींद।** राजकीय कालेज में कार्यकारी प्राचार्य मुनीश कुमार की अध्यक्षता में पुस्तकालय दिवस मनाया गया। जिला पुस्तकालय जींद से हरीश कुमार को आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि अब कॉलेज में सार्वजनिक पुस्तकालय सामान्य नागरिकों के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे और उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। पुस्तकालय दिवस 12 अगस्त को स्वामी रंगनाथन के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। जिन्होंने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणीय और एक महान दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में काम किया है। राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस, पुस्तकालयों और पुस्तकालयाध्यक्षों के महत्व को याद करने और उनके द्वारा किए गए कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। आज के दिन, आप पुस्तकालय जा सकते हैं। किताबें पढ़ सकते हैं या पुस्तकालय के महत्व के बारे में जागरूकता फैला सकते हैं। मंच का संचालन डा. विशाल रेढू ने किया और उन्होंने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी के बारे में भी बताया। इस दिवस को मनाने में पुस्तकालय इंचार्ज मुकेश रेढू, पूनम देवी, यशवंती व मनोज कुमार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पौधों का पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान : सिंगला

**राजौंद।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य मनीष सिंगला द्वारा पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम का सार प्रतीकात्मक भाव है, अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान पेड़ जीवन दायी होते हैं और एक मां की तरह वह अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं।

### डॉक्टर रंगनाथन का जन्मदिवस मनाया

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन का जन्मदिन राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न पुस्तकालयों और संगठनों द्वारा उनके योगदान को याद किया गया और पुस्तकालयों के महत्व पर चर्चा की गई।पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम आयोजक विभागाध्यक्ष डॉ. रेणु बाला रही।

### अलग अलग मामलों में दो बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव वजीर खेड़ा निवासी कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया गया, जो आरोपी कृष्ण को पुलिस द्वारा 23 अप्रैल 2022 को 26.50 बोतल देशी शराब सहित काबू किया गया था, जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है।

### अनु. जाति के युवाओं के लिए ऋण सुविधा : चंद्र

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कैथल के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। निगम द्वारा एनएसएफडीसी योजना के तहत माइक्रो फाइनेंस स्कीम और टर्म लोन स्कीम चलाई जा रही है। पात्र व्यक्ति 21 अगस्त तक

### नशे के विरुद्ध जारी जन जागरुकता अभियान

**कैथल।** नशे के विरुद्ध कैथल पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला कैथल में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है।

### कैथल शहरी मण्डल भाजपा ने निकाली 'हर घर तिरंगा यात्रा'

# देशभक्ति के नारों से गूंज उठा नगर जन-जन में दिखा राष्ट्रप्रेम का जोश

हर घर तिरंगा अभियान हमें स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानों की याद भी दिलाता है : जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आज "हर घर तिरंगा – तिरंगा यात्रा" के अंतर्गत कैथल शहरी मण्डल भारतीय जनता पार्टी द्वारा मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग की अध्यक्षता में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व विधायक कैथल लीलाराम गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश भगत, सुमित गर्ग नॉच, पूर्व सैनिक तथा मण्डल प्रभारी रविन्द्र धीमन ने शिरकत की। इस यात्रा के संयोजक वीरेंद्र बत्तरा जिला प्रवक्ता, भाजपा कैथल रहे, जबकि उषा मचल, जय किशन और रविन्द्र गिल सह-संयोजक के रूप में जुड़े। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गीता भवन से हुआ, जो कमेटी चौक से होते हुए शहीद स्मारक पार्क रोड पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और जन-जन में राष्ट्रप्रेम का अद्भुत जोश देखने को मिला। मुख्य अतिथि ज्योति सैनी ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। 'हर घर तिरंगा' अभियान न केवल हमारे राष्ट्रीय गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है, बल्कि यह हमें स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानों की याद भी दिलाता है। आज देश का हर नागरिक तिरंगे को गर्व से लहराकर यह संदेश दे रहा है कि भारत की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए हम सब एकजुट हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि "तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने लहू से इसकी गरिमा को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसके सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहें।



कैथल। तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि



कैथल। तिरंगा यात्रा निकालते आरकेएसडी कालेज के स्टाफ सदस्य।

### वीरों के त्याग को हमें स्मरण रखना चाहिए : गुर्जर

पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर ने कहा कि "देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीरों के त्याग को हमें स्मरण रखना होगा और आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति का संस्कार देना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश भगत ने कहा कि "तिरंगे की शान और सम्मान हम सभी के लिए सर्वोपरि है। इस ध्वज ने हमें एक पहचान, एकता और गौरव का अहसास कराया है। सुमित गर्ग 'नॉच' ने कहा कि "भारत के युवाओं में ऊर्जा और देशभक्ति का जोश देखकर गर्व महसूस होता है। यही शक्ति हमारे राष्ट्र को और मजबूत बनाएगी।" मण्डल प्रभारी रविन्द्र धीमन ने कहा कि "हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र को जोड़ने का अभियान है, और हमें इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है।" यात्रा के संयोजक वीरेंद्र बत्तरा ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में सभी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा।"

### आरकेएसडी के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

कैथल। आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल में स्वतंत्रता दिवस 2025 के संदर्भ में चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान 'हर घर तिंरगा' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के 50 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में तिंरगा यात्रा निकाली एवं राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा वितरित किया। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारीयों डॉ अनिल जिंदल, प्रो. अनुकृति ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के एतिहासिक महत्व एवं इसे अपनाये जाने की घटनाओं को रेखांकित किया। डॉ राजबीर पारासर ने विद्यार्थियों को महाविधालय का प्रतिनिधि घोषित किया एवं इस राष्ट्रीय अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रैरित किया। उन्होंने आह्वान किया कि अपने आस-पडोस में भी वे इस अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज घरों पर लगाने के प्रति जागरूकता बढाकर राष्ट्रीय भावना को सुद्रढ करें।



कैथल। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी तिरंगा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## तिरंगा हमारा मान एवं स्वाभिमान: डॉ. विजय

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से आए 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया और तिरंगे झंडे पर विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए।

इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। डॉ.लक्ष्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। तिरंगा हमारा मान एवं स्वाभिमान है और इस पर हमें अभिमान है। हर घर तिरंगा अभियान हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा लाने और हमारे देश की आजादी के जश्न में इसे गर्व से फहराने का निमंत्रण देता है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में अधिक समझ विकसित करना है। विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर मॉडल बनाए गए। जिसमें हमारे देश की संस्कृति एवं राष्ट्रीय ध्वज की अलग अलग प्रकार की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर प्रवीन थरेजा, निधी, प्रभजोत कौर, जगदीश कुमार, मोनिका व मुकेश आदि मौजूद रहे।

### मीनू शर्मा ध्वजारोहण कार्यक्रम में शिरकत करेंगी



**राजौंद।** गांव किठाना के स्वामी सीताराम कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाए जा रहे राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को गांव की ही बेटी मीनू शर्मा जो बाल सरंक्षण एवं अधिकार आयोग हरियाणा की सदस्य हैं, ध्वजारोहण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। ज्ञात रहे कि मीनू शर्मा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के न्यायिक बैंच के साथ साथ भाजपा के कई पदों पर कार्य कर चुकी हैं।

## छात्राओं ने तिरंगे के साथ ली सेल्फी

- राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस का कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सेल्फी विद तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. सुमन खर्ब द्वारा किया गया।

डा. खर्ब ने बताया कि यह पहल देश के नागरिकों को राष्ट्रीयध्वज के साथ सेल्फी लेकर अपनी देशभक्ति की भावना को पैदा करने और सांझा करने के लिए आमंत्रित करती है।



जींद। तिरंगे के साथ सेल्फी लेते हुए।

इस कार्यक्रम के तहत स्वयंसेविकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड की।



### 'हर घर तिरंगा अभियान' नागरिकों में बढ़ा रहा राष्ट्रीय एकता, भाईचारा व प्रेम की भावना: एसडीएम

गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में देश में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हर व्यक्ति के दिल में देश भक्ति की भावना को प्रबल करने के लिए तिरंगा अभियान अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। हमें अपनी नई पीढ़ी को तिरंगे के बारे में जागरूक करना है ताकि भविष्य में भी हमारा देश एक सूत्र में बंधते हुए मजबूती से आगे बढ़ता रहे। इस अभियान से नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारा व प्रेम की भावना बढ़ रही है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सभी अधिकारियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## तिरंगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन : प्रीति

- सहकारी चीनी मिल कैथल में निकाली तिरंगा रैली, डीसी प्रीति ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व है। हर घर तिरंगा अभियान-2025, राष्ट्रीय ध्वज को हर भारतीय के घर तक पहुंचाने वाला एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है।

यह अभियान हमारी साझा पहचान, स्वतंत्रता और एकता का एक भव्य उत्सव है, जो तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। डीसी प्रीति मंगलवार को सहकारी चीनी मिल कैथल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर तिरंगा रैली निकाली गई और डीसी प्रीति ने स्वयं इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा को लेकर जिला वासियों में पूरे उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक देशवासी में तिरंगे के प्रति गर्व और देशभक्ति की भावना ओर प्रबल करना है। सहकारी चीनी मिल कैथल प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। इस अवसर पर चीनी मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कैथल। डीसी प्रीति तिरंगा यात्रा निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

## तीसरी बार रोटरी के प्रधान बने नरेश

- संस्था इलाज में दिलाएगी 25 प्रतिशत तक की रियायत
- रोटरी क्लब चीका का तीसरा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका

रोटरी क्लब चीका का तीसरा शपथ ग्रहण समारोह पहलवान गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रवि प्रकाश डीजी 3080 ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व वशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. रीटा कालड़ा डीजीई 3080, अमित सिंगला डीजीई 3090 व घनश्याम कंसल पीडीजी 3090 ने शिरकत की।

कार्यक्रम में निरज गर्ग एजी जोन10-3080 व रिटायर डीडीपीओ शंकर गोयल विशेष रूप से आमंत्रित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया और उसके बाद नरेश जैन को रोटरी का कॉलर पहना विधिवत रूप से तीसरी बार प्रधान चुने जाने की घोषणा की। पुनित बंसल ने सचिव, गगन गोयल ने सहसचिव, राजीव मित्तल ने कैशियर, आशू गोयल ने उपप्रधान, डॉ. सतीश मित्तल ने प्रोजेक्ट चेयर 2025-26 व बलजीत सिंह नंडा ने इंस्टालेशन चेयरमैन के रूप में दायित्व ग्रहण किया। निवर्तमान सचिव शीशपाल जिंदल ने कल्ब की पिछले साल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। डॉ. रीटा कालरा ने कहा कि 3090 के पीडीजी घनश्याम कंसल ने चीका में रोटरी कल्ब की शुरूआत कर संस्था को बेहतरीन कल्ब दिया है और वे उम्मीद करेंगी कि घनश्याम कंसल इसी तरह के कम से कम दो कल्ब और संस्था को देंगे।



गुहला चीका। सीनियर सिटीजन को सम्मानित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## भाषण प्रतियोगिता में अमरीक रहा प्रथम

- अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर करवाई भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

युवा कार्यक्रम एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में आज जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर की सभी राजकीय व प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

आज के कार्यक्रम में मंच का संचालन रणधीर ढांडा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला युवा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर के युवाओं की आवाज़, कार्यों और पहलों का जश्न मनाना है। साथ ही उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना और समाधान ढूंढना है। यह दिन युवाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है, ताकि वे अपने समुदायों और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। सुशील कुमार पूर्व युवा क्लब अधिकारी युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शुरुआत 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी, जब उन्होंने युवाओं के लिए जिम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन की सिफारिश को मंजूरी दी थी। पहला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2000 को मनाया गया था। उन्होंने युवाओं से समाज का नेतृत्व करने के लिए प्रेशर ग्रुप की भूमिका निभाने के लिए गांव-गांव में नौजवानों के युवा क्लबों के गठन बारे प्रेरित किया। मोहित नेहरा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कैथल ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।



कैथल। अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित सतीश मच्छाल व अन्य।

### इनको मिला ईनाम

कार्यक्रम में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम ईनाम 1100 रुपये अमरिक, द्वितीय 750 रुपये मन्नु देवी चीका, तृतीय ईनाम के रूप 500 रुपये पायल को नकद इनाम चैक द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई पबनावा, वर्ग अनुदेशक अनिल ढुल, सतीश सैनी, राजबीर चौहान, इंदुबाला, राहुल चौहान, संदीप कुमार, नवीन कालिया,कुमारी विजेता, प्रमोद कुमार, सुनील आदि उपस्थित रहे।

## पुस्तकालयों की नई दिशा पर चर्चा

- डीएवी कॉलेज पूंडरी में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

डीएवी कॉलेज पूंडरी में हरियाणा पुस्तकालय संघ के सहयोग से विकसित भारत में भविष्य के पुस्तकालयों पर पुनर्विचार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसआर रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. मनोज कुमार जोशी ने डिजिटल ट्रांजिशन, मीडिया एवं सूचना साक्षरता विषय पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ राजेश तुरान ने की। मुख्य वक्ता जोशी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पुस्तकालयों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और हमें पारंपरिक पुस्तकालयों को डिजिटल ट्रांजिशन के लिए तैयार करना होगा। मीडिया एवं सूचना साक्षरता, भविष्य के पुस्तकालयों की सबसे बड़ी आवश्यकता है, इसलिए विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ मीडिया और सूचना साक्षरता के कौशल भी सिखाने होंगे।



पूंडरी। डीएवी कॉलेज में मुख्यातिथि का स्वागत करते प्रिंसिपल डॉ. राजेश तुरान।

### 79वां स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्वक मनाया जाएगा : कैप्टन प्रमेश

# अनाजमंडी में कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल आज

- नायब तहसीलदार बंसी लाल को नोडल अधिकारी बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को बड़े उत्साह के साथ भव्य और गरिमा पूर्वक मनाया जाएगा। सभी विभागों के अधिकारी स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी-अपनी जिम्मेदारी से संबंधित कार्य को समय पर पूरा करें।

इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतू नायब तहसीलदार बंसी लाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। एसडीएम ने कहा कि 13 अगस्त को फाईनल रिहर्सल अनाज मंडी में होगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार बंसीलाल, खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप, पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर सुनील, सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ इंद्राज पंवार, बिजली विभाग के एसडीओ राहुल यादव व अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये होंगे समारोह में कार्यक्रम

एसडीएम ने शिक्षा विभाग द्वारा दी जानकारी के अनुसार कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय चीका की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य व वन्दे मातरम, ए वी विद्या मन्दिर चीका की छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, कोहिनूर इंटरनेशनल अकैडमी टटियाणा के बच्चों द्वारा गिद्दा व भंगड़ा, जेवियर इंटरनैशनल एकेडमी चीका तथा इंडियन हाईटस इंटरनेशनल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य, एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका की छात्राओं द्वारा कोरियोग्राफी, सरदार प्रीतम सिंह मैमोरियल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी जाएगी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान गाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक सतपाल जांबा चीका में फहराएंगे ध्वज

**गुहला-चीका।** एसडीएम प्रमेश सिंह ने बताया कि गुहला-चीका में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ध्वज फहराएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके है। संबंधित विभाग स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां कर रहे हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मेन बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर बाजार से होते हुए भामा शाह पार्क तक पहुंची। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि हमें शहीदों का पूरा मान सम्मान करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं की बदौलत हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। तिरंगा यात्रा का एक ही उद्देश्य है कि हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए।

### कमालपुर में तिरंगा यात्रा को लेकर दिखा जोश

**कलायत।** पीएमश्री स्कूल कमालपुर में ग्राम पंचायत के सहयोग से एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहे।इस अवसर पर सरबजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, शिवकुमार , धर्मवीर , संजय वशिष्ठ सहित अन्य शिक्षकों ने भी यात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### हत्या प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में दर्ज कातिलाना हमला करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई तरसेम सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान कुरुक्षेत्र केसयोंसर निवासी अजय कुमार उर्फ बादल को गिरफ्तार कर लिया गया। डन्डौता के संजय ने गांव के ही रामदिया से 7.5 एकड़ और बीरबल से 1 एकड़ जमीन खरीदी थी।

### मॉडल गांव के रूप में विकसित होगा बालू

**कैथल।** प्रधानमंत्री सूर्य पर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की। इसमें जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया तथा गांव बालू को मॉडल सोलर गांव कैसे विकसित करने एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का एक घटक मॉडल सोलर गांव है।

### एमए में फिजिकल काउंसिल से दाखिले

**नरवाना।** पोस्ट ग्रेजुएट में दाखिला प्रक्रिया के लिए के एम कॉलेज नरवाना में एमए हिंदी, अंग्रेजी, पॉलिटिकल, हिस्ट्री तथा एमएससी केमेस्ट्री में बची हुई खाली सीटों को ओपन फिजिकल काउंसलिंग द्वारा 13 अगस्त को भरा जाएगा। बची हुई खाली सीटों को यदि कैटेगरी में कोई नहीं मिलता है तो जनरल कैटेगरी में सीटों को बदला जाएगा।

### चोरों ने लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के जींद रोड स्थित महावीर कालोनी स्थित एक मकान से चोर लाखों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। महावीर कॉलोनी कैथल के यश बंसल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ किसी काम के लिए बाहर गए थे।

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 15 को

**जींद।** सेंट्रल जेसीज राजमहल होटल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शामिल होंगे।

---

भाजपाइयों के साथ आमजन भी तिरंगा लेकर यात्रा में हुए शामिल

# तिरंगा हमारी आन, बान व शान, लाखों वीर शहीदों की निशानी: डा. भारत भूषण

**शहीदों की याद में चंद्रलोक कॉलोनी से जुलानी फाटक तक निकाली तिरंगा यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। तिरंगा यात्रा में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

मंगलवार को जींद शहर में चंद्रलोक कॉलोनी से जुलानी फाटक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए और तिरंगा हाथों में लेकर भारत माता के जयकारों के साथ शहर के अलग-अलग कॉलोनी में तिरंगा यात्रा निकली।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल व युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री डा. भारत भूषण टाक ने हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में का अनेक सामाजिक संस्थाओं ने अनेक स्थानों पर फूलमालाओं से स्वागत किया के साथी गणमान्य व्यक्तियों ने रास्ते में आने वाले सभी शहीद व धार्मिक स्थान पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित। जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। यह अभियान देश के नागरिकों को अपनी स्वतंत्रता और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद दिलाने के लिए शुरू किया गया है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करें और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करें। तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। हमें गर्व से अपने राष्ट ध्वज को अपने घरों पर फहराना चाहिए।

### शहीदों-योद्धाओं की माताओं को भी सलाम

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि हम सभी को उन माताओं को नमन करना चाहिए, जिन्होंने शहीदों व योद्धाओं को जन्म दिया। ऐसे वीर शहीदों की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। आज हम तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऐसे ही वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का मकसद राष्ट्रीय एकता और स्वाभिमान को मजबूत करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि वह एक भारत श्रेष्ठ भारत देखना चाहते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, पार्षद सुनील नायक, पार्षद रणधीर राणा, राजेश खटक, राजेश नायक, अश्वनी कांगड़ा, राजेश इंदौरा आदि मौजूद रहे।



उचाना। भौंगरा गांव में तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए प्राचार्य प्रवेश खापड़ा।

### हर घर तिरंगा के लिए किया लोगों को प्रेरित

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां में अमृत काल में हर घर तिरंग अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। छात्र, छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे जोश और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए छात्रों ने देशभक्ति के नारों के साथ शहर में मार्च किया और लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। यात्रा का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार नैन ने किया। डा. लक्ष्मी, जयभगवान, सुमन, कुसुम, सुनील, अशोक, मोहित एवं अजमेर श्योकंद मौजूद रहे। नैन ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि हमारे स्वाभिमानए एकता और आजादी का प्रतीक है। विद्यार्थियों से अपील की कि वे देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाएं और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

#### विद्यार्थियों ने भौंगरा गांव में निकाली तिरंगा यात्रा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा के प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर विद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया। विद्यार्थियों के हाथ में तिरंगा झंडा, कैप, तिरंगी पट्टियां लगाकर देशभक्ति के वातावरण का निर्माण करने वाले नारों से गांव की गलियों को गूंजायमान किया गया। रैली के माध्यम से बच्चों में संस्कार देश की कुर्बानियों के इतिहास को जानने की इच्छा तथा हर घर तिरंगा लगने की प्रेरणा देना रहा है। रैली के संयोजक नवीन सरोहा रहे।



जींद। तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद वीसी। *फोटो : हरिभूमि*

## राष्ट्र का सम्मान और गौरव का प्रतीक तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- सीआरएसयू में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई। जहां कुलपति प्रो. डा. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महत्ता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नही बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है। जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और राष्ट्र की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि तिरंगा हमें प्रेरित करता है कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठ कर केवल भारतीय बनें। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना इसे पाना था। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझने की प्रेरणा दी। डा. नवीन लडवाल ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य देश व समाज के प्रति समर्पण है।

## क्लस्टर सपर्धा में छाए डीएवी छात्र

- पूंडरी डीएपी स्कूल में आयोजित की गई प्रतियोगिता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। डीएवी मे विजेता खिलाडियों के साथ प्राचार्या साधना बख्शी।

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में डीएवी नेशनल स्पोर्टस क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कैथल, करनाल, निलोखेड़ी, जींद, चीका, सीवन, शाहबाद व पूंडरी के डीएवी स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या साधना बख्शी ने किया।

इसमें वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल व कराटे की प्रतियोगिता की गई। वॉलीबॉल अंडर-14, अंडर-17 व अंडर 19 लडक़ों की प्रतियोगिता मे डीएवी स्कूल पूंडरी ने प्रथम स्थान, बॉस्केटबॉल अंडर- 14 लडक़े व लड़कियों ने द्वितीय कराटे अंडर-14 में लडक़ों में प्रथम और अंडर-17 में डीएवी पूंडरी प्रथम प्राप्त किया।

इसी प्रकार से अंडर-14 आयुवर्ग लड़कियों की प्रतियोगिता में 24,38 व 26 भारवर्ग व अंडर-17 में 32 व 52 भारवर्ग में डीएवी स्कूल पूंडरी प्रथम रहा। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने विजेता खिलाड़ियों, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार, कोमल, अमित वालिया, कोच पंकज, रोबिन व विकास कुमार व समस्त स्टॉफ को बधाई दी।

## डीसी ने दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा

- 17 अगस्त को मेला ग्राउंड में रैली को संबोधिक करेंगे मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



नरवाना। रैली स्थल का जायजा लेते हुए डीसी व एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

स्थानीय नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में 17 अगस्त को विकास रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रैली की अध्यक्षता करेंगे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा करते हुए दी। एसपी कुलदीप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। डीसी ने रैली को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों को समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करने के लिए कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे आयोजन स्थल के चारों और बैरिकेडिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे आयोजन स्थल पर शौचालयए पीने का स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाए। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव एवं नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनाज मंडी की साफ.सफाई व्यवस्था को भी समय रहते दुरूस्त करवाएं। इस दौरान सभी अधिकारी आपस में तालमेल से करें।

### ये रहे मौजूद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में आमजन के आने के लिए अलग से रास्ते निर्धारित करें और उनके वाहनों के लिए भी सभा स्थल नजदीक पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए। बाबा गैबी साहब मंदिर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व आने वाले मेहमानों का लंच की व्यवस्था की जायेगी। इस मौके पर भाजपा युवा नेता करण प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र नैनए कृष्ण गोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयलए रिछपाल शर्मा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के निजी सचिव फकीर चन्दए जसवीर नैन, अमित ढाकल, विनय गोयलए,एडवोकेट राजेश शर्मा, सुरेश पांचाल मौजूद रहे।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

- प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी





पूंडरी। ओरिएटेशन कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या अमिता राणा व अन्य स्टाफ सदस्य।

चौ. ईश्वर सिंह कन्या कॉलेज में नई शिक्षा नीति कमेटी के तत्वावधान में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्राचार्या डॉ. राणा ने महाविद्यालय के संस्थापक स्व. चौ. ईश्वर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नारी शिक्षा में उनके अतुलनीय योगदान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन और चहुंमुखी विकास के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या ने महाविद्यालय के अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं की जानकारी देते हुए इसके लिए चौधरी तेजवीर सिंह एवं वर्तमान प्रबंधक समिति का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र के प्रोस्पेक्टस का भी विधिवत विमोचन किया। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. निधि वत्स ने नई शिक्षा नीति की मुख्य विशेषताओं, उद्देश्यों एवं उसके सफल क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस नीति के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव होगा।

### ये रहे मौजूद

सुशीला (टाइम टेबल इंचार्ज) ने नए सत्र के टाइम टेबल एवं कक्षा संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. मीनू सिंगल, डॉ. वंदना हुड्डा, डॉ. अनु, डॉ. पुष्पा, संगीता, आशा गिरधर, कुमारी मोनिका, पिंकी, निशा और सुशीला सहित महाविद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में कन्वीनर डॉ. निधि वत्स ने सभी अतिथियों, स्टाफ और छात्राओं का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए प्रेरणास्पद और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

- प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एनरोलमेंट ड्राइव कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल





कैथल। जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर प्रशिक्षण देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एनरोलमेंट ड्राइव के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने की। इस प्रशिक्षण में सभी सुपरवाइजर एवं सभी सीडीपीओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक ज्योति द्वारा किया गया, जिसमें डीएचईडब्ल्यू के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन नंबर, सहित अन्य योजनाएं शामिल रही। सभी योजनाओं से संबंधित विषयों पर हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर राजबीर, गौरव, मुकेश, रणजीत, धर्मेंद्र सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



### तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे एकता स्वाभिमान और आजादी का प्रतीक भी: वृंदा शर्मा

**जींद।** विश्वकर्मा चौक जींद पर गुलशन रोहिल्ला प्रधान शहरी मंडल की अध्यक्षता में शहीदों के सम्मान में देवीलाल चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मुख्यअतिथि भाजपा नेता डा. राज सैनी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुद्राक्ष मिड्ढा, वृंदा शर्मा, शिवनारायण शर्मा, मनीष गोयल जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, कृष्ण रोहिल्ला जिला संयोजक पिछड़ा वर्ग भारतीय जनता पार्टी, राम भगत शास्त्री भारतीय जनता पार्टी, अमित भारतीय, भारत भूषण, गौरव भारद्वाज शामिल हुए। तिरंगा यात्रा देवीलाल चौक जींद पर शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है। भाजपा नेता वृंदा शर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि हमारे स्वाभिमान, एकता और आजादी का प्रतीक है।

स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया आयोजन

## वेदांता इंटरनेशन स्कूल एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कलौदा खुर्द में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक्स.टेम्पोर प्रतियोगिता का भव्य और रोचक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि प्रतिभागियों को उनके विषय मंच पर पहुँचने के बाद ही बताए गए। उन्हें मात्र कुछ क्षणों का समय सोचने के लिए मिलाए और फिर सिफऱ् 2 मिनट में अपनी प्रस्तुति देनी थी। इस चुनौतीपूर्ण प्रारूप ने विद्यार्थियों के त्वरित सोचने की क्षमताए बोलने की कला और आत्मविश्वास की असली परीक्षा ली। प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को न केवल मंच पर बोलने का अवसर देती हैंए बल्कि उन्हें त्वरित सोचनेए स्पष्ट अभिव्यक्ति और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा भी देती हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा। बच्चों के जोशए दर्शकों की तालियों और मंच पर बिखरते शब्दों के जादू ने इसे अविस्मरणीय बना दिया।

### प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, मोबाइल का प्रभावए समय का महत्वए नेतृत्व क्षमता, और खेलों का जीवन में महत्व जैसे विषयों पर अपने विचार बड़े ही प्रभावी और दिलचस्प तरीके से प्रस्तुत किए। मंच पर उनकी वाणी और अभिव्यक्ति ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विजेता बने कृ युवराजए अनन्याए ऋथिका चौहानए दीक्षा और अन्य कई प्रतिभाशाली छात्र.छात्राएँ। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या वीना दारा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए तैयार होते हैं। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विजेताओं को बधाई देते हुए आयोजन की प्रशंसा की।